“33”
pib.nic.in
mod.nic.in

पत्र सूचना कार्यालय (रक्षा विंग)
भारत सरकार
****
'हर काम देश के नाम'

नई दिल्लीः आश्विन 28, 1944
बृहस्पतिवारः 20 अक्तूबर 2022

रक्षा सचिव ने डेफएक्सपो 2022 से इतर बांग्लादेश और कजाकिस्तान के प्रतिनिधिमंडलों के साथ द्विपक्षीय बैठकें की

रक्षा सचिव डॉ. अजय कुमार ने 19 अक्तूबर 2022 को गुजरात के गांधीनगर में 12वें डेफएक्सपो से इतर बांग्लादेश और कजाकिस्तान के प्रतिनिधिमंडलों के साथ द्विपक्षीय बैठकें की। उन्होंने बांग्लादेश के सशस्त्र बल प्रभाग के प्रिंसिपल स्टाफ ऑफिसर लेफ्टिनेंट जनरल वेकर-उज-जमां के नेतृत्व में बांग्लादेश के प्रतिनिधिमंडल से भेंटवार्ता की। उन्होंने दोनों देशों के बीच चल रहे द्विपक्षीय रक्षा सहयोग के प्रमुख मुद्दों की समीक्षा की और रक्षा औद्योगिक सहयोग बढ़ाने के तरीकों पर विचार किया।

रक्षा सचिव ने बाद में कजाकिस्तान के उप रक्षा मंत्री लेफ्टिनेंट जनरल रुसलान शपेकबायेव के नेतृत्व में कजाकिस्तान के प्रतिनिधिमंडल से भेंटवार्ता की। प्रशिक्षण, संयुक्त अभ्यास और क्षमता निर्माण पर विशेष ध्यान देते हुए कई द्विपक्षीय रक्षा सहयोग मुद्दों पर विचार-विमर्श किया गया।

एबीबी/डीएस